COOP

Phone :- 0612-2219819
Fax :- 0612-2232377
E-mail :- biscomaun@gmail.com
info@biscomaun.co.in

बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित
(बिस्कोमान)
बिहार एवं झारखण्ड
छठा तल, बिस्कोमान टॉवर, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना-800001

Ref. No. बैठक/225/05-998 Date:- 19/11/2024

1/ संचिका

प्रेषक,
प्रबंध निदेशक,
बिस्कोमान, (बिहार–झारखण्ड), पटना।

सेवा में,
अध्यक्ष,
....
....
....

विषयः–समिति से प्रतिनिधि का नाम भेजने के सम्बन्ध में।

महाशय,

बिस्कोमान के जिलास्तरीय प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु आपकी समिति से प्रतिनिधि का नाम प्राप्त हुआ है। राज्य निर्वाचन प्राधिकार बिहार द्वारा सभी पैक्सों में दिनांक 25.11.2024 से दिनांक 03.12.2024 के बीच में निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी, पटना –सह– निर्वाची पदाधिकारी, बिस्कोमान(बिहार एवं झारखण्ड) की अध्यक्षता में दिनांक 30.10.2024 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों एवं बहुराज्य सहकारी समिति नियमावली 2002 के नियम 19 H(7) के प्रावधानों के आलोक में पैक्स के नवगठित निदेशक मंडल द्वारा बिस्कोमान के सामान्य निकाय/निर्वाचन में भाग लेने हेतु नवीन प्रस्ताव की आवश्यकता है। नवनिर्वाचन के अनुरूप यदि प्रतिनिधि का नाम नहीं भी परिवर्तित है तो भी नवगठित निदेशक मंडल द्वारा नया प्रस्ताव आवश्यक होगा।

कृपया निर्वाचन समाप्ति के दो दिनों के अंदर विहित प्रपत्र में नवगठित समिति का प्रस्ताव जो कि जिला सहकारिता पदाधिकारी/सहायक निबंधक/प्रबंध निदेशक, केन्द्रीय सहकारी बैंक/प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के द्वारा अभिप्रमाणित हो, की एक प्रति तथा निर्वाचन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति बिस्कोमान मुख्यालय एवं दूसरी प्रति संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। प्रपत्र की प्रतिलिपि पुनः संलग्न की जा रही है। दिनांक 06.12.2024 के बाद प्राप्त प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सकेगा। ज्ञातव्य हो कि जिलास्तीय निर्वाचन कार्यक्रम निम्न रूप से निर्धारित है।

सहकारी निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक CEA-12011/25/2024 दिनांक 08.11.2024 के द्वारा संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम के आलोक में
<u>जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम</u>

क्र.स.	कार्यक्रम का विषय	तिथि	समय	स्थान
1.	प्रतिनिधि सूची का प्रदर्शन	10.12.2024	पूर्वाह्न 11:00 बजे	जिला सहकारिता पदाधिकारी का कार्यालय
2.	प्रतिनिधि सूची पर आपत्ति	10.12.2024	12:00 बजे अपराह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक	"

3.	प्रतिनिधि सूची पर प्राप्त आपत्तियों की जाँच एवं वैध प्रतिनिधि सूची का प्रकाशन	11.12.2024	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक	”
4.	प्रतिनिधियों के द्वारा नामांकन	12.12.2024	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक	”
5.	नामांकन सूची का प्रदर्शन	12.12.2024	अपराह्न 01:10 बजे तक	”
6.	नामांकन सूची पर आपत्ति	12.12.2024	अपराह्न 01:30 बजे तक	”
7.	आपत्तियों की जाँच एवं वैध नामांकन सूची का प्रदर्शन	12.12.2024	अपराह्न 01:35 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक	”
8.	नामांकन वापसी एवं वापसी के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन	12.12.2024	अपराह्न 02:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक	”
9.	निर्वाचन(यदि आवश्यक हो)	13.12.2024	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक	”
10.	मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा तथा प्रमाण पत्र निर्गत करना	13.12.2024	अपराह्न 02:30 बजे से समाप्त होने तक	”

ज्ञातव्य हो कि बिस्कोमान से सम्बद्ध वर्ग 'बी' की सहकारी समितियाँ जिनसे पूर्व में प्रतिनिधि का नाम प्राप्त हुआ था उन्हीं समितियों से प्राप्त नया प्रस्ताव के अनुसार प्रतिनिधियों के बीच से प्रत्येक जिला से उपविधि–20(iii) के अनुसार एक प्रतिनिधि का निर्वाचन होगा।

उल्लेखनीय है कि सहकारी निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक CEA-12011/25/2024 दिनांक 20.09.2024 एवं तदसंबंधि निबंधक, सहयोग समितियाँ के पत्रांक 7905 दिनांक 16.10.2024 के आलोक में जिला स्तरीय निर्वाचन हेतु संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्वाचन पदाधिकारी/निर्वाचन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

निर्वाचन में भाग लेने हेतु नामांकन प्रपत्र –सह– घोषणा–पत्र, शपथ पत्र तथा मतदाता सूची सम्बन्धित जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। प्रपत्र बिस्कोमान के विभागीय बेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

विश्वासभाजन

प्रबंध निदेशक।

बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), पटना की सामान्य निकाय का गठन हेतु सम्बद्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधि का नाम प्रेषित करने हेतु प्रपत्र।

समिति का पूरा नाम एवं पता ....

....

....

समिति का निबंधन संख्या ....

प्रतिनिधि का फोटो
(अभिप्रमाणित)

प्रस्ताव संख्या ....   बैठक की तिथि.........................

कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है कि श्री/श्रीमती ....

.... आयु....................... पिता/पति का नाम ....

....पदनाम–अध्यक्ष/कार्यकारिणीसदस्य/मुख्यकार्यपालक/प्रशासक

आवासीय पता ....

....

पिन कोड .... राज्य का नाम .... दूरभाष संख्या/मोबाईल संख्या .... को समिति/संघ की ओर से बिस्कोमान की सामान्य निकाय के गठन हेतु निर्वाचन कार्य में प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया है। उन्हें निर्वाचन में भाग लेने, मतदान करने और यदि आवश्यक हो तो निर्वाचन से अपना नाम वापस लेने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

प्रतिनिधि का हस्ताक्षर..........................

दिनांक ....

अध्यक्ष/कार्यकारिणी सदस्य/
मुख्य कार्यपालक/प्रशासक
(कार्यालय मुहर के साथ)

अभिप्रमाणित करने वाले पदाधिकारी
का हस्ताक्षर एवं मुहर

समिति का प्रस्ताव एवं प्रतिनिधि का हस्ताक्षर को जिला सहकारिता पदाधिकारी/सहायक निबंधक/प्रबंधक निदेशक, केन्द्रीय सहकारी बैंक/प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना आवश्यक होगा।